मूल हिन्दी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2280

16 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋणों की अदायगी

2280. # श्री नीरज डांगीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राज्य की क्या स्थिति है;

(ख) पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत अब तक संवितरित ऋण की राशि का ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों द्वारा ऋण अदायगी की स्थिति क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत चुकाए गए ऋणों की कुल संख्या का पूंजी सहित बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार की पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण संवितरित करने वाली एजेंसियों/कंपनियों के विरुद्ध धोखाधड़ी संबंधी शिकायतों का ब्यौरा क्या है और इन एजेंसियों के विरुद्ध सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): सभी राज्यों को उनके आकार के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है, अर्थात बड़े राज्य, पहाड़ी और उत्तर पूर्वी राज्य तथा छोटे राज्य और संघ राज्य क्षेत्र । उनके आकार और वर्गीकरण के आधार पर, प्रत्येक राज्य को एक संवितरण लक्ष्य प्रदान किया गया है जिसके आधार पर उनके प्रदर्शन को मापा जाता है और रैंकिंग दी जाती है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत राज्यवार विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है।

(ख): 08.12.2024 तक, पीएम स्वनिधि योजना के तहत 13,422.16 करोड़ रुपए की राशि के 94.31 लाख ऋण वितरित किए गए हैं। 94.31 ऋणों में से, 40.36 लाख ऋण पथ विक्रेता लाभार्थियों द्वारा चुकाए जा चुके हैं। ऋण अवधि के अनुसार राशि और चुकाए गए ऋणों का विवरण इस प्रकार है:

	संवितरित ऋणों की संख्या	**संवितरित ऋणों की राशि (करोड़ रुपए में)**	**चुकाए गए ऋणों की संख्या**
ऋण अवधि - 1	67,48,899	6,716.21	33,25,847
ऋण अवधि - 2	22,24,806	4,439.81	7,10,149
ऋण अवधि - 3	4,57,650	2266.14	685
कुल	94,31,355	13,422.16	40,36,681

(ग): इस योजना के अंतर्गत चुकाए गए कुल ऋणों का बैंक-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(घ): पीएम-स्वनिधि योजना के तहत ऋण संवितरित करने वाली एजेंसियों/कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

*****

''पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋणों की अदायगी'' के संबंध में दिनांक 16 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2280 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएम स्वनिधि योजना के तहत राज्य-वार प्रदर्शन को दर्शाने वाला विवरण

(08.12.2024 तक)

बड़े राज्य						
रैंक	**राज्य का नाम**	**लक्ष्य**	**योग्य आवेदन**	**स्वीकृत आवेदन**	**वितरित किया गया पहला ऋण**	**हासिल लक्ष्य %**
1	**मध्य प्रदेश**	**7,55,160**	**10,13,697**	**9,00,686**	**8,80,166**	**117%**
2	उत्तर प्रदेश	13,22,250	14,28,073	13,94,050	13,82,233	105%
3	आंध्र प्रदेश	3,38,625	3,56,661	3,51,005	3,48,544	103%
4	कर्नाटक	4,06,900	4,61,867	4,07,069	3,91,937	96%
5	केरल	1,23,500	1,35,623	1,20,140	1,18,286	96%
6	दिल्ली	2,00,000	2,91,584	2,06,448	1,90,177	95%
7	पंजाब	1,75,000	1,93,730	1,73,660	1,64,682	94%
8	गुजरात	5,20,000	5,66,098	4,85,587	4,75,035	91%
9	महाराष्ट्र	9,24,000	10,13,729	8,90,424	8,43,276	91%
10	छत्तीसगढ	1,06,250	1,19,341	92,595	88,573	83%
11	बिहार	1,61,000	1,96,173	1,35,901	1,27,581	79%
12	तेलंगाना	5,37,500	4,45,433	4,27,313	4,25,149	79%
13	हरियाणा	2,20,800	2,70,232	1,79,850	1,64,992	75%
14	झारखंड	1,18,750	1,16,846	86,745	85,044	72%
15	राजस्थान	2,64,500	2,60,965	2,00,699	1,84,042	70%
16	तमिलनाडु	5,88,000	5,25,217	4,01,639	3,97,615	68%
17	ओडिशा	96,600	80,768	66,201	63,261	65%
18	पश्चिम बंगाल	4,02,500	2,61,728	2,08,861	2,03,541	51%
कुल		**72,61,335**	**77,37,765**	**67,28,873**	**65,34,134**	**90%**

छोटे राज्य और संघ राज्य क्षेत्र						
रैंक	**राज्य का नाम**	**लक्ष्य**	**योग्य आवेदन**	**स्वीकृत आवेदन**	**वितरित किया गया पहला ऋण**	**हासिल लक्ष्य %**
1	**पुदुचेरी**	**3,445**	**3,944**	**3,527**	**3,518**	**102%**
2	लद्दाख	533	533	468	462	87%
3	दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली	2,795	2,246	2,219	2,199	79%
4	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	788	575	559	548	70%
5	जम्मू और कश्मीर	25,000	20,004	17,491	17,080	68%
6	चंडीगढ़	7,875	5,681	5,139	5,010	64%
7	गोवा	3,278	1,749	1,600	1,566	48%
कुल		**43,714**	**34,732**	**31,003**	**30,383**	**70%**
उत्तरपूर्वी और अन्य पहाड़ी राज्य						
रैंक	**राज्य का नाम**	**लक्ष्य**	**योग्य आवेदन**	**स्वीकृत आवेदन**	**वितरित किया गया पहला ऋण**	**हासिल लक्ष्य %**
1	**सिक्किम**	**910**	**1,305**	**1,189**	**1,178**	**129%**
2	असम	1,09,159	1,29,434	1,21,145	1,20,125	110%
3	मेघालय	4,140	5,112	3,913	3,839	93%
4	उत्तराखंड	30,625	37,015	28,484	27,787	91%
5	अरुणाचल प्रदेश	5,720	5,450	4,859	4,687	82%
6	नागालैंड	4,375	5,400	3,456	3,404	78%
7	त्रिपुरा	7,500	6,638	5,607	5,530	74%
8	हिमाचल प्रदेश	7,500	5,870	5,478	5,434	72%
10	मिजोरम	4,025	3,171	2,649	2,574	64%
9	मणिपुर	17,500	10,595	9,868	9,824	56%
कुल		**1,91,454**	**2,09,990**	**1,86,648**	**1,84,382**	**96%**
कुल योग		**74,96,503**	**79,82,487**	**69,46,524**	**67,48,899**	**90%**

डेटा स्रोत: पीएम स्वनिधि पोर्टल

''पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋणों की अदायगी'' के संबंध में दिनांक 16 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2280 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

पीएम-स्वनिधि योजना के तहत चुकाए गए ऋणों की कुल संख्या और राशि का बैंक-वार ब्यौरा दिखाने वाला विवरण

(08.12.2024 तक)

क्र. सं.	बैंक का नाम	चुकाए गए ऋणों की संख्या	चुकाए गए ऋण की राशि (करोड़ रुपये में)
1	बैंक ऑफ बड़ौदा	3,50,867	387.04
2	बैंक ऑफ इंडिया	2,68,463	313.16
3	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	74,344	84.21
4	केनरा बैंक	3,73,844	465.71
5	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1,83,811	217.62
6	इंडियन बैंक	2,39,083	267.23
7	इंडियन ओवरसीज बैंक	1,07,484	126.86
8	पंजाब एंड सिंध बैंक	25,025	28.83
9	पंजाब नेशनल बैंक	2,69,351	307.65
10	भारतीय स्टेट बैंक	13,66,431	1,624.98
11	यूको बैंक	68,252	78.52
12	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	3,82,269	438.91
	पीएसबी कुल	**37,09,224**	**4,340.72**
	अन्य ऋण देने वाली संस्थाएँ	**3,27,457**	**381.18**
	कुल	**40,36,681**	**4,721.90**

डेटा स्रोत: पीएम स्वनिधि पोर्टल